# साहित्य अकादेमी का साहित्य मंच कार्यक्रम आयोजित




**वैभव न्यूज ■ नई दिल्ली**

साहित्य अकादेमी द्वारा आयोजित साहित्य मंच कार्यक्रम में बुधवार को चार रचनाकारों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। ये रचनाकार थे संग्राम मिश्र, ओड़िआ, रत्नोत्तमा दास, असमिया, रीता मल्होत्रा, अंग्रेजी, एवं राजिंदर ब्याला, पंजाबी,। कार्यक्रम की अध्यक्षता संग्राम मिश्र ने की। सर्वप्रथम रत्नोत्तमा दास ने अपनी असमिया कहानी नई जावा घड़ी के अंग्रेजी अनुवाद द वाच ऑन हर रिस्ट का पाठ किया जो एक डॉक्टर के मनोविज्ञान पर आधारित थी। एक छोटी बच्ची की दुर्घटना से वह किस तरह आहत होता है इसका सूक्ष्म वर्णन कहानी में किया गया था। रीता मल्होत्रा ने अपनी चार कविताएं सुनाईं जिनके शीर्षक थे जुगलबंदी, लीला इज सिक्सटिन, द सोल

## चार लेखकों ने किया बहुभाषी रचना-पाठ

डिस्कवर्स इट्स इटरनिटी, एवं वर्ड्स इनफिनिटी। उनकी कविताओं में वर्तमान समाज की विसंगतियों के साथ ही प्रकृति का सुंदर चित्रण भी था।

राजेंद्र ब्याला ने अपनी तीन कविताएं प्रस्तुत कीं जिनके शीर्षक थें कतरा-कतरा, प्रेम की पहली कविता एवं वाय डू आई राइट। अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संग्राम मिश्र ने सभी रचनाकारों की प्रस्तुति पर संक्षिप्त टिप्पणियां कीं तथा अपनी दो कविताएं प्रस्तुत कीं। एक कविता उन्होंने ओड़िआ भाषा में भी प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन अकादेमी के उपसचिव देवेंद्र कुमार देवेश ने किया।